# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की : कहा– हर प्रोजेक्ट की 15 दिनों में प्रगति देखें वरिष्ठ अधिकारी।
2. योग दिवस से पहले आज से प्रदेश भर में शुरू हुआ योग सप्ताह : जनपदों में लगाये गये योग शिविर, बड़ी संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास।
3. प्रदेश का पहला ग्लास स्काई वॉक ब्रिज चित्रकूट के तुलसी जल प्रपात पर बनकर तैयार : अगले पन्द्रह दिनों में हो सकता है शुरू।

और

4. मौसम विभाग ने तीन दिनों के लिए जारी किया भीषण लू का रेड अलर्ट : प्रयागराज में टूटा 127 वर्षों का रिकार्ड, न्यूनतम तापमान पहुंचा 34 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में बैठक कर विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हर प्रोजेक्ट के लिए नोडल अधिकारी तय कर उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाए। वरिष्ठ अधिकारी हर प्रोजेक्ट की पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करें। हर परियोजना तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी की जाए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन, नाला और तारामंडल क्षेत्र की सड़क का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर चिड़ियाघर में बब्बर शेर भरत और शेरनी गौरी को बाड़े में प्रवेश कराया। इन दोनों दुर्लभ वन्यजीवों को मई के अंतिम सप्ताह में इटावा लायन सफारी से लाया गया था। अब गोरखपुर चिड़ियाघर आने वाले दर्शक बब्बर शेर की इस जोड़ी का दीदार कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने चिड़ियाघर के निदेशक और डीएफओ विकास यादव से दोनों शेरा के बारे में जानकारी ली। शेर के बाड़े के पास ही हरिशंकरी पौध

का रोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार और कार्य में लापरवाही करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल करते हुए मिर्जापुर और बांदा के चकबंदी अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। मैनपुरी में भी चकबंदी से जुड़े आधा दर्जन अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रदेश के चकबंदी आयुक्त जी एस नवीन ने बांदा और मिर्जापुर के चकबंदी अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये हैं। वहीं मैनपुरी में दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

——————————

संघ लोक सेवा आयोग की ओर से यूपीएससी सिविल सेवा 2024 प्रांरभिक परीक्षा कल आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिए लखनऊ में 87 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें दो पालियों मे परीक्षा होगी। पहली पाली में सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक परीक्षा होगी। इस परीक्षा में लखनऊ के करीब 40 हज़ार परीक्षार्थी शामिल होंगे। अधिसूचना के अनुसार, परीक्षा के माध्यम से भारतीय

प्रशासनिक सेवा–आईएएस, भारतीय पुलिस सेवा आईपीएस और भारतीय विदेश सेवा आईएफएस सहित विभिन्न केंद्रीय सरकारी सेवाओं और विभागों में लगभग 1056 पदों को भरा जाएगा। गौरतलब है कि यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 26 मई को होनी थी लेकिन आम चुनावों के कारण इसे 16 जून तक के लिए टाल दिया गया।

————————

कुवैत के मंगाफ शहर में बीते बुधवार की सुबह एक बहुमंजिली इमारत में लगी आग में झुलस कर मरने वाले प्रदेश के तीन नागरिकों के शवों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर विदेश मंत्रालय के प्रयास से उनके निवास स्थान पर पहुंचा दिया गया है। मरने वालों में गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके के भम्मौर गांव के निवासी जयराम गुप्ता, गोरखनाथ इलाके के जटेपुर उत्तरी निवासी अंगद गुप्ता और वाराणसी के रहने वाले प्रवीण मावध सिंह शामिल हैं।

————————

21 जून को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले आज प्रदेश भर में योग सप्ताह की शुरूआत हुई। वाराणसी के नमो घाट पर राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अमरोहा में योग सप्ताह के तहत आज मिनी स्टेडियम में योगाभ्यास शिविर लगा। मऊ में आज से पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास

कराया गया। हमीरपुर के राजकीय स्टेडियम में योगाभ्यास करने के बाद रैली निकाल कर लोगों को योग के लिए जागरूक किया गया।

——————————

उत्तर प्रदेश का पहला ग्लास स्काई वॉक ब्रिज चित्रकूट के तुलसी जल प्रपात पर बनकर तैयार हो गया है। इस स्काई वॉक ब्रिज को तैयार करने में लगभग डेढ़ वर्ष का समय लगा है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत आने वाले तुलसी जलप्रपात में बने इस स्काईवॉक ब्रिज को धनुष बाण का आकार दिया गया है।

*उत्तर प्रदेश में चित्रकूट एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में जगह बनाने के लिए तैयार है। यहां प्रदेश का पहला ग्लास स्कॉई वॉक तैयार हो गया है। धनुष और बाण के आकार में बने इस स्कॉई वॉक ब्रिज में खाई की ओर बाण की लंबाई 30 मीटर है। दोनों पिलर के बीच धनुष की चौड़ाई 35 मीटर है। पुल की भार क्षमता प्रति वर्ग मीटर में 500 किलो है। एक बार में 25 यात्री पुल पर आ जा सकेंगे। वन और पर्यटन विभाग ने लगभग 3 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से इसका निर्माण कराया है। इस पुल का निर्माण बिहार के राजगीर में बने स्काई वॉक ब्रिज की तर्ज पर किया गया है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक और प्रभागीय वन अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस स्कॉई वॉक से क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं खुलेंगी। साथ ही रोजगार के नए अवसरों का सृजन करने में यह अहम भूमिका निभाएगा। इसका शुभारंभ अगले 15 दिनों में हो सकता है।*

*अजय प्रताप, आकाशवाणी समाचार, चित्रकूट*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि एक जुलाई से मथुरा–आगरा हेलीकाप्टर सेवा हर हाल में शुरू कर दी जाये। उन्होंने कहा कि बौद्ध सर्किट के तहत आने वाले पर्यटन स्थलों की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग कराई जाए। जयवीर सिंह ने कल विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि एक जुलाई से आगरा–मथुरा हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के लिए 25 जून तक सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं। उन्होंने प्रदेश के 57 जनपदों में स्टाफ की कमी दूर करने के लिए आउटसोर्सिंग पर भर्ती करने के निर्देश दिए।

——————————

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसके तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने तेज

और पारदर्शी न्याय प्रणाली का वादा करते हुए अपराध स्थल से लेकर जांच और मुकदमे तक प्रौद्योगिकी की शुरूआत की है। नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक–डिजिटल साक्ष्य को स्वीकार्यता के लिए पारंपरिक दस्तावेज साक्ष्य के समान माना है। दस्तावेजों की परिभाषा में सर्वर लॉग, स्थान संबंधी साक्ष्य और डिजिटल वॉयस संदेश शामिल हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के तहत इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की स्वीकार्यता को धारा 57 और 63 में बारीकियों सहित बताया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम साक्ष्य के कानून में क्रांतिकारी बदलाव लाता है, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को अदालतों में भौतिक साक्ष्य के बराबर मानता है। अनुसूची में पेश दो नए फॉर्म डिजिटल साक्ष्य के पमाणीकरण और मूल्यांकन में तेजी लाते हैं और पिछले कानूनों के तहत चुनौतियों का समाधान करते हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 105 में जब्त वस्तुओं की सूची और गवाहों के हस्ताक्षर सहित तलाशी और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी को शामिल किया गया है ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो और साक्ष्य से छेड़छाड़ न हो।

———————

प्रदेश में भीषण लू और गर्मी अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ रही है। दिन के तापमान के साथ ही रात में भी लगातार तापमान बढ़ रहा है। प्रयागराज में न्यूनतम तापमान ने पिछले 127 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया है। बीते चौबीस

घंटे में प्रयागराज में न्यूनतम तापमान चौंतीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले जून 1898 में न्यूनतम तापमान 33 दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। लखनऊ मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि प्रदेश में अगले तीन दिनों के लिए भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। बाइट..

*उत्तर प्रदेश की बात करें तो जैसा कि कई दिनों से बहुत भीषण गर्मी पड़ रहा है और आने वाले अगले तीन दिन तक इस तरीके का सितम जारी रहेगा तो जैसा कि प्रयागराज में जो न्यूनतम तापमान है पिछले 127 साल का रिकार्ड टूटा, जिसमें 34.3 न्यूनतम तापमान प्रयागराज में दर्ज किया गया और इससे पहले 37.5 था। सर्वे तीन दिनों के रेड अलर्ट जारी है, तो उसके बाद औरेंज अलर्ट है, तो उम्मीद है कि तीन दिनों तक भीषण गर्मी रहेगा। उसके बाद थेड़ा सा इंटेंसिटी  क्रम रहेगा लेकिन कुछ आइसोलेटेड पैलेस में जो कि चेतावनी है क्योंकि पूर्वी हवाओं का आगमन तीन दिन के बाद थेड़ा प्रदेश में हो रहा है तो पूर्वी उत्तर प्रदेश में धीरे–धीरे गर्मी कम होगा और थोड़ा–थोड़ा राहत मिलना स्टार्ट हो जायेगा।*

भीषण गर्मी को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में अवकाश 24 जून तक बढ़ा दिया गया है। 25 जून से शिक्षक विद्यालय आयेंगे। छात्र–छात्राओं की कक्षाएं 28 जून से चलेंगी।

———————————